देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 254 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**आम लोगों के लिए जीना मुश्किल



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 14 जनवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0°

40243.39

2 भारत के लोग टिप्पणी करने से बचेंगे

7 रिषभ पंत ने लगाया अर्धशतक

# कोविड के चलते पैदा हुई चुनौतियों पर मंथन

## पीएम मोदी ने की राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ अहम बैठक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। कोरोना की तीसरी लहर से निपटने की रणनीति बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मुख्यमंत्रियों के साथ एक बैठक की। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। बैठक में प्रधानमंत्री ने राज्यों में स्वास्थ्य ढांचे की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। पिछले रविवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में पीएम ने जिला स्तर पर पर्याप्त सुविधाएं जुटाने और किशोरों के टीकाकरण में तेजी लाने का आह्वान किया था।

**तेजी से फैल रहा ओमिक्रोन, रहें सतर्क:** कोरोना स्थिति पर राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि पिछले वेरिएंट की तुलना में ओमिक्रोन तेजी से फैल रहा है, ये अधिक ट्रांसमिसिबल है। हमारे स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्थितियों का आकलन कर रहे हैं। स्पष्ट है कि हमें सतर्क रहना है।

**कोरोना महामारी से विजयी होंगे**

पीएम मोदी ने कहा– हम भारत के 130 करोड़ लोग, अपने सामूहिक प्रयासों से निश्चित रूप से कोरोना महामारी से विजयी होंगे। रही बात ओमिक्रोन की तो इसके बारे में प्रारंभिक तस्वीर धीरे–धीरे साफ हो रही है। यह वैरिएंट सामान्य आबादी को पिछले वाले वैरिएंट की तुलना में कई गुना तेजी से संक्रमित कर रहा है।

**हर घर दस्तक अभियान तेज करने की सलाह:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– आज राज्यों के पास पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन है। फ्रंटलाइन वर्कर्स और वरिष्ठ नागरिकों को प्रीकाशन डोज जितनी जल्द लगेगी उतना ही हमारे हेल्थ केयर सिस्टम का सामर्थ्य बढ़ेगा।

**92 फीसद को दी गई पहली डोज:** प्रधानमंत्री ने कहा– आज भारत लगभग 92 प्रतिशत वयस्क जनसंख्या को कोविड वैक्सीन की पहली डोज दे चुका है।

**आने वाले वैरिएंट के लिए तैयार रहने की जरूरत:** पीएम ने कहा मौजूदा वक्त में ओमिक्रोन से लड़ने के अलावा हमें भविष्य में भी इस वायरस के किसी भी वैरिएंट के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

**ओमिक्रोन के मामले बढ़कर 5,488 हुए**

देश में ओमिक्रोन वैरिएंट के एक दिन में 620 मामले सामने आए जिसके साथ ही इस वैरिएंट के मामले बढ़कर 5,488 हो गए हैं। इनमें से ओमिक्रोन से पीड़घ्ति 2,162 लोग स्वस्थ हो गए या देश छोड़कर चले गए हैं। राज्यों में यदि ओमिक्रोन मामलों की बात करें तो महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के सबसे अधिक 1,367 केस हैं। इसके बाद राजस्थान में इस वैरिएंट के 792 मामले, दिल्ली में 549, केरल में 486 और कर्नाटक में 479 मामले आए।



**देश में कोरोना के 2,47,417 नए मामले**

देश में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर बेकाबू होती जा रही है। कोरोना संक्रमण के आज रिकार्ड मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना के लगभग ढाई लाख मामले दर्ज किए गए हैं। इस दौरान 84,825 लोग ठीक भी हुए हैं। बता दें कि कोरोना की तीसरी लहर में पहली बार कोरोना के नए मामले दो लाख से ज्यादा आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना के कुल 2,47,417 नए मामले आए हैं। इसके साथ ही देश में अब एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 11,17,531 हो गई है। वहीं, देश में दैनिक पाजिटिविटी रेट अब 13.11 प्रतिशत हो गया है।

**रिकवरी रेट घटी, विशेषज्ञों ने चेताया**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में कोविड–19 से स्वस्थ होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर कम होकर 95.59 फीसद हो गई है। वहीं विशेषज्ञों ने कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन को लेकर आगाह किया है। इस बीच मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. अरविंद कुमार ने कहा है कि टीकाकरण का ओमिक्रोन पर असर नहीं दिख रहा है। मौजूदा वक्त में कोरोना के मामले बढ़ने के साथ ही लोगों को गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं। हालांकि राहत की बात यह है कि आईसीयू में भर्ती होने वालों की संख्या और संक्रमितों को आक्सीजन की आवश्यकता मनोवैज्ञानिक रूप से उतनी चुनौतीपूर्ण नहीं है जितनी दूसरी लहर में थी।

## संक्षिप्त समाचार

### एस्ट्राजेनेका की तीसरी खुराक ओमिक्रॉन के खिलाफ कारगर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। एंग्लो–स्वीडिश बायोफार्मा कंपनी द्वारा जारी प्रारंभिक आंकड़ों में कहा गया है कि एस्ट्राजेनेका वैक्सजेवरिया वैक्सीन ने तीसरी बूस्टर खुराक के बाद कोविड–19 के ओमिक्रॉन वैरिएंट के लिए एक बढ़ी हुई एंटीबॉडी प्रतिक्रिया दिखाई है।

### मुफ्त अनाज वितरण की बढ़ाई गई निगरानी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना को चार महीने के लिए और बढ़ाना काफी कारगर साबित हो रहा है। योजना के मद में आवंटित अनाज का उठाव तेजी से हो रहा है। योजना में किसी भी तरह की गड़बड़ी और लीकेज को रोकने के लिए खाद्य मंत्रालय ने निगरानी प्रणाली को मजबूत कर दिया है।

# अयोध्या से लड़ेंगे योगी आदित्यनाथ चुनाव!

## बीजेपी ने 172 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 172 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए। बीजेपी नेताओं के मुताबिक पार्टी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को चुनाव मैदान में उतार सकती है। पार्टी ने जिन 172 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया है, उनमें से अधिकांश पर पहले और दूसरे चरण में मतदान होना है। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होगा और इसकी शुरुआत 10 फरवरी को राज्य के पश्चिमी हिस्से के 11 जिलों की 58 सीटों पर मतदान के साथ होगी। दूसरे चरण में 14 फरवरी को राज्य की 55 सीटों पर मतदान होगा। पार्टी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा को भी चुनाव लड़ाने पर विचार कर रही है। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा में मौर्य ने कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 172 सीटों पर विचार विमर्श हुआ।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री व उत्तर प्रदेश के प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह सहित केंद्रीय चुनाव समिति के अन्य सदस्यों ने पार्टी मुख्यालय में बैठक में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी डिजिटल माध्यम से इस बैठक से जुड़े। ज्ञात हो कि नड्डा, राजनाथ और गडकरी पिछले दिनों कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। पिछले दो दिनों से भाजपा में बैठकों का दौर जारी है।

**सहयोगी दलों के साथ भी सीटों का तालमेल**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार को अपना दल (एस) की नेता अनुप्रिया पटेल ने केशव प्रसाद मौर्य और स्वतंत्र देव सिंह के साथ देर रात तक सीटों के तालमेल को लेकर चर्चा की, वहीं निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने अपने सांसद पुत्र प्रवीण निषाद के साथ अमित शाह से चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि अनुप्रिया पटेल 20 सीटों की मांग कर रही हैं, लेकिन भाजपा इसके लिए तैयार नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा चाहती है कि पिछले विधानसभा चुनाव में अपना दल को जितनी सीटें मिली थी, वह उतनी ही सीटों पर चुनाव लड़े।

# आधी आबादी पर कांग्रेस का दांव

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कुछ अप्रत्याशित करने की संभावना के बीच में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने 18वीं विधानसभा के गठन के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। 125 प्रत्याशियों की पहली सूची में 50 महिलाओं का नाम है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव तथा उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को पार्टी के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। 125 प्रत्याशियों की इस सूची में 50 महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रत्याशियों की सूची जारी की है। माखी दुष्कर्म कांड पीड़ता की मां को कांग्रेस ने उन्नाव की सदर सीट से टिकट दिया है। उन्नाव में सदर से माखी दुष्कर्म पीड़िता की मां आशा सिंह, मोहान से मधु रावत तथा बांगरमऊ से आरती बाजपेई को टिकट दिया गया है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आज उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची जारी की है। हमने आज 125 प्रत्याशियों की जो सूची जारी की है। उसमें 50 महिलाएं हैं। हमने प्रयास किया है कि हमारा कैंडीडेट संघर्षशील और पूरे प्रदेश में नई राजनीति की पहल करने वाले प्रत्याशी हो। हमारे उम्मीदवारों की सूची एक नया संदेश भी है। हमने 40 प्रतिशत महिलाओं के साथ ही 40 प्रतिशत युवाओं को भी प्रत्याशी बनाया है। हमें आशा है कि इनके जरिए हम एक नई तरीके की राजनीति करेंगे। महिलाओं में जो टिकट दिए हैं, उसमें कुछ पत्रकार हैं तो एक–दो अभिनेत्री हैं। समाजसेवी महिलाओं की सूची में वह महिलाएं भी शामिल है जिन्होंने संघर्ष किया है और उन पर अत्याचार भी हुआ है।

**पहली सूची**

■कांग्रेस ने जारी की 125 प्रत्याशियों की पहली सूची

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# राज्यों के बीच तनाव विकास के लिए चुनौती

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। वर्ष 2022 में दुनिया के प्रमुख देशों में सबसे तेजी से आर्थिक विकास दर हासिल करने की तरफ अग्रसर भारत के लिए आने वाले वर्षों में कुछ अहम चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। यह चुनौतियां बाहरी भी होंगी लेकिन आंतरिक स्तर पर पैदा होने वाली चुनौतियां भी कम नहीं हैं। यह बात कोरोना काल के बाद दुनिया के सभी देशों के समक्ष किस तरह की चुनौतियां होंगी, इस पर वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम (डब्लूईएफ) की तरफ से जारी एक विस्तृत रिपोर्ट में कही गई है।

रिपोर्ट में भारत के संदर्भ में पांच अहम चुनौतियों का जिक्र है। हालांकि इस आकलन के आधार के बारे में कुछ नहीं बताया गया है। यह भी ध्यान रहे कि डब्लूईएफ की तरफ से कुछ हफ्ते पहले दिसंबर, 2021 की रिपोर्ट में भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर काफी उम्मीद जारी की गई थी। डब्लूईएफ की इस रिपोर्ट में पहली बार भारत की सामाजिक समस्याओं को इसके आर्थिक विकास की राह में बड़ी बाधा के तौर पर चिन्हित किया गया है।

**वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम ने भारत के लिए पांच चुनौतियों का किया जिक्र**